# मेषपाल

जमशेदपुर धर्मप्रांतीय पत्र

वर्ष – 23 अकं – 02 (निजी वितरण के लिए) अक्टुबर –2022




## समय की पुकार

ख्रीस्त में प्यारे भाईयों और बहनों,

प्रभु का प्रेम, आनन्द और शांति हमारे हृदयों में निवास करें!

ईसा ने लोगों से कहा, 'यदि तुम पश्चिम से बादल उमड़ते देखते हो, तो तुरन्त कहते हो, वर्षा आ रही है' और ऐसा ही होता है। जब दक्षिण की हवा बहती है, तो कहते हो, 'लू चलेगी' और ऐसा ही होता है। ढोंगियो! यदि तुम आकाश और पृथ्वी की सूरत पहचान सकते हो, तो आप वर्त्तमान समय के व्याख्या क्यों नहीं जानते? (संत लूकस 12ः 54–57)

मनुष्य के रूप में हमारे अस्तित्व के लिए समय के संकेतों को पढ़ना और उसकी जरूरतों के प्रति सही निर्णय लेना महत्वपूर्ण और आवश्यक है। येसु अपने समय के धार्मिक नेताओं के हठधार्मिकता और समय के चिन्हों के प्रति अंधे होने के लिए उनको चेतावनी देते हैं।

हम राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और पर्यावरण के विभिन्न क्षेत्रों से उत्पन्न चुनौतिपूर्ण समय से गुजर रहे हैं। जिम्मेदार लोग परिस्थिति का भरपूर फायदा उठा कर आम जनता को अपना व्यक्तिगत फायदा के लिए गुमराह कर रहे हैं। दिन प्रतिदिन जीने की सामान्य तरीका अनैतिक, सिद्धांतहीन, चरित्रहीन, और भ्रष्ट होता जा रहा है। इस भ्रमित और अव्यवस्थित परिस्थितियों में साधारण जनता सबसे ज्यादा असहाय और पीड़ा महसूस करती है।

मानव इतिहास में यह देखा गया है कि जब जब अराजक्ता शासन करती है लोग लालसा, शौक और सुख के आगे झुक जाते हैं। उत्पति ग्रंथ में जलप्रलय के पहले इस प्रकार के जीवन वृतांत के बारे में पढ़ते हैं। (उत्पति 6ः 5–6) इब्राहीम के समय में भी सोदोम और गोमारा के लोग अपने बीच ईश्वर की उपस्थिति को भूल गये थे। (उत्पति 18ः 20–21) लेकिन इन अव्यवस्थाओं में भी ईश्वर के राज्य की झलक छिपी रहती है। यही झलक मनुष्य के सामने प्रकट होने लगती है जब दुनियाई शासन, समय के साथ बिस्तृत होता है। सृष्टिकर्ता मानव जीवन का नेतृत्व करते हुए अपने ही तरीके से आगे बढ़ाता है। कोविड महामारी के समय हम ऐसी परिस्थितियों और समास्यों से गुजर चुके हैं। इस समय भी लोगों ने ईश्वर की उपस्थिति को अपने जीवन में अनुभव किया।

हमारे हृदयों में अंकित ईश्वर के आज्ञाओं का पालन जीवन के विपरीत परिस्थितियों में सहायक होता है। इसी तरह नूह नबी एक धर्मी, ईमानदार और निर्दोष व्यक्ति था जो हर परिस्थितियों में भी ईश्वर के साथ चलता था। (उत्पति 6ः 9–10) ठीक इसी प्रकार इब्राहीम

ने जीवन के बुलाहट को पहचान कर अपना देश और अपने कुटुम्ब को छोड़ दिया। (उत्पति 12: 1—2)

प्रिये भाईयों और बहनों, आइए हम अपने विश्वास में दृढ़ बने रहें, क्योंकि धैर्य और सहनशीलता से हम अपनी आत्मा को बचा लेंगे। (लूकस 21—19)

सावधान रहो! कहीं ऐसा न हो कि भोग—विलास, नशे और इस संसार की चिंताओं से तुम्हारा मन कुण्ठित हो जाए और वह दिन फन्दे की तरह अचानक तुम पर आ गिरे; क्योंकि वह दिन समस्त पृथ्वी के सभी निवासियों पर आ पड़ेगा। इसलिए जागते रहो और सब समय प्रार्थना करते रहो, जिसे तुम इन सब आने वाले संकटों से बचने और भरोसे के साथ मानव पुत्र के सामने खड़े होने के योग्य बन जाओ। (लूकस 21: 34 — 36)

ईश्वर हम सबों को आशीर्वाद प्रदान करे!

## नये समिति का गठन

सलाहकारों से परामर्श लेकर हमारे धर्मप्रान्त के स्थानीय कलीसिया में बेहतर काम—काज के लिए विभिन्न समिति का गठन किया गया है। नये निर्देशिका में धर्मप्रान्तीय अधिकारियों और विभन्न आयोग के सदस्यों के नाम प्रकाशित किया गया है। इन आयोग में कुछ विश्वसियों को भी शामिल किया गया है।

## नये निर्देशिका

धर्मप्रान्तीय निर्देशिका प्रकाशित की गई है। इसके आवरण पृष्ठ पर खुंटपानी तीर्थस्थल का चित्र अंकित किया गया है। इसका अंतिम प्रकाशन 2017—2018 में किया गया था। सुधार के लिए समय और सावधानी बरती गई।

## वियानी भवन




इस वर्ष वियानी भावन, 'कैंडिडेट हाउस' सुंदरनगर में 16 पुरोहित उम्मीदवार दखिला लिए हैं, उनमें से 5 सिमडेगा, 4 गुमला, 4 जमशेदपुर, 1 खूंटी, 1 दुमका और 1 रौरकेला धर्मप्रान्त से आए हुए हैं।

## महिला संघ का वार्षिक आम सभा

जमशेदपुर धर्मप्रान्त महिलाओं का त्रैवार्षिक आम—सभा का आयोजन 24 और 25 सितंबर को कैथोलिक चैरिटीस, सुंदरनगर में की गई थी। इस आम सभा का मुख्य विषय था— 'धर्मसभा में एक साथ चलना।' इस आम सभा में 300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।



## संत जोसेफ कम्युनिटी कॉलेज




संत जोसेफ कम्युनिटी कॉलेज ने अपना 15वाँ 'स्नातक दिवस' नर्सिंग एड कोर्स में डिप्लोमा प्राप्त 17 स्नातकों के साथ 29 सितंबर 2022 को इस दिवस का आयोजित किया। उन्हें नौकरी के लिए पहले से ही चुन लिया गया है। पी. डी. डी. एम. धर्मबहनें 2011 से इस सामुदायिक कॉलेज का संचालन कर रही हैं। पीडीडीएम धर्मबहनों को बधाई!

## झान युवा सम्मेलन



तृतीय झान प्रदेशिक युवा सम्मेलन इस वर्ष 3 से 5 अक्टूबर तक संत जोसेफ विद्यालय महुआडाँड़, डाल्टेनगंज धर्मप्रान्त में 'तृतीय झान युवा सम्मेलन' आयोजित किया गया था। झारखंड के विभिन्न धर्मप्रान्त से करीब 5,000 से अधिक युवक–युवक्तियों ने भाग लिए। हमारे धर्मप्रान्त से 103 युवक–युवक्तियाँ, 4 पुरोहितगण, 3 धर्मबहनें और धर्मप्रान्तीय युवा निर्देशक फा. जिलसन टी एल ने भाग लिया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय "आग जलती रहे" था। संत पिता के राजदूत महामहिम लियोपोल्डो गिरेली ने युवाओं को संबोधित किया और सम्मेलन का समापन किया।

## उपयाजकों की नियुक्ति

डीकनस जिनो जोनिस और अजय कुमार होरो बैंगलोर में पास्टोरल अध्ययन पर हैं। वे अपना डायकोनेट मिनिस्ट्री अक्टूबर 2022 से जनवरी 2023 तक धर्मप्रान्त में अपनी सेवा देंगे। उप. जिनो जोनिस को टोकलो और उप. अजय कुमार होरो को सियाडीह में नियुक्ति हुई है। वे फरवरी 2023 में अपना पास्टोरल अध्ययन पूरा करने के लिए बैंगलार वापस जाएंगे।

## अर्धशतवार्षिक उत्सव (150 वीं वर्षगाँठ)



खुंटपानी तीर्थस्थल में इस जयंती वर्ष की शुरूआत 8 नवंबर 2022 को माननीय फा. जेरोम कुटीन्हा, येसु समाजी, जमशेदपुर धर्मप्रदेश के प्रोविंशियल सुपीरियर के द्वारा पवित्र मिस्सा बलिदान से किया जाएगा।

**Happy Birthday**




| October-2022 | |
|---|---|
| **6th** | Fr. Michael Deogam |
| **14th** | Fr. Bipin Pani |
| **15th** | Fr. Fabian Toppo |
| **23rd** | Frs. Puthumai Raj & Pradeep Marandi |
| **24th** | Fr. Petrus Guria |

| November-2022 | |
|---|---|
| **1st** | Fr. Jilson T. L |
| **10th** | Fr. Jondko Kandeyang |
| **11th** | Fr. Valerian Lobo |
| **14th** | Fr. Walter Purty |

**BISHOP'S PROGRAM**

**October – 2022**

| | | |
|---|---|---|
| **16** | Confirmation | St. Mary's Church, Omra |
| **21** | Meeting with UMI Provincial Superior | Bishop's House, Jamshedpur |
| **22** | Confirmation | Jisu Marsal Church, Chandil |
| **23** | Confirmation | Holy Family Church, Rahargora |
| **26** | Meeting on Healing Ministry | Catholic Charities, Sunder Nagar |
| **27** | Diocesan Clergy Meeting | Bishop's House, Jamshedpur |

**November 2022**

| | | |
|---|---|---|
| **1** | All saint's day. Blessing of Girl's Hostel | Toklo |
| **2** | All souls Day. Holy Mass at the Cemetery | Beldih |
| **6-13** | CBCI Plenary, | St. John's, Bangalore |
| **19** | Zonal Platinum Jubilee | Lupunguttu |
| **20** | Confirmation | Jadugora Parish |
| **23-24** | Joint meeting of JHAAN Bishops, CRI and CDPI | SDC, Ranchi |
| **27** | Centenary of St. Anthony's Church | Dhanbad |